

## संक्षिप्त समाचार

### ऑटो रिक्शा का एक वर्ष का इंश्योरेंस, फिटनेस व टैक्स माफ करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राजपुर विधायक राजकुमार ने प्रदेश के परिवहन मन्त्री यशपाल आर्य को पत्र लिखकर कोरोना वायरस कोविड 19 आपादा से ऑटो, विक्रम, बसों तथा ई–रिक्शा चालक मालिकों की आर्थिक समस्या के लिए व ऑटो रिक्शा का एक वर्ष का इंश्योरेंस, फिटनेस व टैक्स माफ करने की मांग की है। कहा कि इस ओर तत्काल प्रभाव से सकारात्मक कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

### देवस्थानम बोर्ड की पहली बैठक 22 को

**संवाददाता** देहरादून। गढ़वाल मण्डल आयुक्त रविनाथ रमन ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड–19 संक्रमण के वैश्विक महामारी के चलते इस बार चारधाम यात्रा प्रभावित हुई है। इस महामारी को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र सरकार ने पैकेज की घोषणा की है इसी के परिपेक्ष्य में 22 मई को देवस्थानम बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की जा रही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य को मिलने वाली पैकेज में से चारधाम यात्रा से जुडे हुए लोगों को सहायता मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है।

### जरूरतमंदों की हर संभव मदद का प्रयास करें मंडल अध्यक्षः शमशेर सिंह

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी दून के जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर द्वारा जिला देहरादून के समस्त मंडलों के अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर ने मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण को देखते हुए सभी अपने–अपने मंडलों में बूथ स्तर पर प्रत्येक जरूरतमंद गरीब व्यक्ति की हर संभव मदद करने का प्रयास करें एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शक्ति केंद्र संयोजकों व बूथ अध्यक्षों के साथ संवाद कर बूथ कमेटियों का गठन करना सुनिश्चित करें।

### समिति ने जरूरतमंदों को 305 खाने के पैकेट वितरित किए

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द देहरादून द्वारा लगातार 48 वें दिन 305 खाने के पैकेट हरिद्वार बाई पास पुलिस चौकी के माध्यम से जरूरतमंदों को वितरित किए गए। इसके साथ ही साथ समिति को सरस्वती विहार कॉलोनी के मातृशक्ति और युवा शक्ति का विशेष सहयोग मिल रहा है। समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट, सचिव गजेंद्र भंडारी, उपाध्यक्ष कैलाश तिवारी, आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## मिलिट्री कैंटीन में लोगों ने नहीं किया सोशल डिस्टेंसिंग का पालन

**संवाददाता** देहरादून। रायवाला मिलिट्री कैंटीन में खरीददारी को जाने वाले लोग सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं किया गया। कैंटीन खुलने के बाद से ही सामान लेने वालों की लंबी कतार लगने लगी है। इस दौरान शारीरिक दूरी नहीं बनाई गई। हालांकि, मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने सेना के अधिकारियों से बात की, जिसके बाद लोगों को पंक्तिबद्ध खड़ा किया गया। उत्तराखंड में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में लॉकडाउन के नियमों का पालन करना और सोशल डिस्टेंसिंग ही इससे बचाव में कारगर साबित हो सकती है। बावजूद इसके अब भी कई लोग लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। रायवाला में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। यहां मिलिट्री कैंटीन में खरीददारी करने वाले लोग सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन नहीं कर रहे हैं।

शनिवार को कैंटीन के मुख्य विजय द्वार के पास भारी भीड़ जमा हो गई। आर्मी की तरफ से इस द्वार को बंद किया गया है। छोटे गेट से केवल एक व्यक्ति को ही भीतर जाने दिया जा रहा है। कई लोगों को सामान के लिए पूछा जा रहा है और वो सामान नहीं होने पर उन्हें वापस भेज दिया जा रहा है। वहीं, गेट के दूसरी तरफ बाहर बड़ी संख्या में लोग झुंड बनाकर खड़े हो रहे। पहले मौके पर व्यवस्था बनाने के लिए न तो सेना और न ही स्थानीय प्रशासन की तरफ से कोई इंतजाम किए गए थे। हालांकि, पुलिस और सेना के जवानों ने लोगों को शारीरिक दूरी के अनुसार पंक्तिबद्ध किया।

# प्रदेश में कोरोना के छह नए मामले चार दून और दो यूएस नगर से

**कोरोना कहर**

राज्य में संक्रमितों की संख्या अब 88 पहुंच गई | 51 लोग स्वस्थ होकर अस्पतालों से डिस्चार्ज हो चुके

**संवाददाता**

देहरादून। प्रवासियों के उत्तराखंड पहुंचने के बाद से ही प्रदेश में कोरोना वायरस का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार को भी प्रदेश में छह नए मामले सामने आए हैं। इनमें चार दून अस्पताल में भर्ती संक्रमित मरीजों के परिजन हैं। इन्हें भी संदिग्ध मानकर इनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव निकली है।

इसके साथ ही दो मामले ऊधमसिंहनगर जिले में सामने आए हैं। इसमें एक रुद्रपुर जिला अस्पताल में और एक एलडी भट्ट अस्पताल के आईसोलेशन वॉर्ड में भर्ती है। रुद्रपुर का युवक दिल्ली से और काशीपुर का युवक महाराष्ट्र से आया था। इन दोनों के नमूने जांच के लिए हल्द्वानी भेजे गए थे। राज्य में संक्रमितों की संख्या अब 88 पहुंच गई है। हालांकि इनमें से 51 लोग स्वस्थ होकर अस्पतालों से डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि 37 एक्टिव मामले हैं।

**शुक्रवार को भी सामने आए थे चार नए मामले:** गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को प्रदेश में कोरोना संक्रमण के चार मामले सामने आए थे। इनमें एक मरीज देहरादून की रिंग रोड स्थित आदर्श कॉलोनी, एक पौड़ी जिले के बीरोंखाल ब्लॉक और दो जनपद नैनीताल से हैं। चारों ही कुछ दिन पहले दिल्ली और गुरुग्राम से लौटे हैं। दून निवासी युवक की मां पहले ही कोरोना पॉजिटिव आ चुकी हैं। एक सप्ताह के भीतर बाहरी राज्यों से उत्तराखंड लौटे 25 लोगों में कोरोना की पुष्टि हो चुकी है। चिंताजनक पहलू यह है कि अब पर्वतीय क्षेत्रों में भी कोरोना का खतरा बढ़ने लगा है। ग्रीन जोन में शामिल रहे उत्तरकाशी और अल्मोड़ा के बाद अब पौड़ी में भी 50 दिन बाद फिर कोरोना पॉजिटिव मरीज मिला है। यहां तीन दिन पहले हरियाणा के गुरुग्राम से वापस कोटद्वार लौटा बीरोंखाल ब्लॉक निवासी 23 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाया गया है। युवक को बेस अस्पताल कोटद्वार में भर्ती कराया गया है। इधर, देहरादून की रिंग रोड स्थित आदर्श कॉलोनी के जिस 29 वर्षीय युवक में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है वह भी चार दिन पहले दिल्ली से अपनी मां के साथ वापस लौटा था। उसकी मां पहले ही एम्स ऋषिकेश में भर्ती है। संदिग्ध मरीज के लिहाज से युवक को भी सीमा डेंटल कॉलेज में क्वारंटाइन किया गया था। वहीं, नैनीताल में एक 11 वर्षीय बच्ची और 24 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। यह दोनों भी गुरुग्राम से लौटे हैं।

### वॉट्सएप पर किए 315 पास जारी, 39 निरस्त

प्रशासन ने जिले में आने या अन्यत्र जाने के लिए वाट्सएप के माध्यम से भी पास के आवेदन की सुविधा दी है। शुक्रवार को जनपद में कुल 315 पास बनाए गए। जबकि, 39 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। एडीएम प्रशासन रामजी शरण शर्मा ने बताया कि वाट्सएप के माध्यम से पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। शुक्रवार को 415 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 315 पास जारी किए गए और 39 निरस्त। जबकि, 61 आवेदन अभी लंबित हैं। कहा, जिनके पास अपने वाहन हैं तो संबंधित तहसील के वाट्सएप नंबर पर आवेदन कर पास मांग सकते हैं।

# हमें मिलकर हराना हैं कोरोना कोः सीएम

**संकल्प**

- सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने किया सूर्य नमस्कार

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार प्रातः अपने आवास पर सूर्य नमस्कार किया। लॉकडाउन के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वयं सेवक द्वारा शनिवार को स्वयं सेवकों को घर पर सूर्य नमस्कार करने के आह्वान पर सूर्य नमस्कार किया एवं वैश्विक महामारी कोरोना को हराने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यदेव हमें इस महामारी से लड़ने की शक्ति प्रदान करें। मिलकर हमें कोरोना को हराना है।

बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचारक युद्धवीर ने बीते रोज संघ कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि शनिवार सुबह व शाम को सवा नौ मिनट के हनुमान चालीसा के पाठ के साथ स्वयंसेवक सूर्यनमस्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में सूर्यनमस्कार लोगों की आदत का हिस्सा बने, इसके लिए अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में संघ के स्वयंसेवकों की संख्या 84 हजार है। उनके साथ ही उनके स्वजनों की संख्या भी जोड़ ली जाए तो चार लाख से ज्यादा लोग सूर्यनमस्कार करेंगे। आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 24 मई को संपर्क दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत संघ के कार्यकर्ता कोरोना योद्धाओं को फोन कर उनके सम्मान में दो शब्द कहकर उनका मनोबल बढ़ाएंगे। 26 मई को संघ के स्वयंसेवकों के घरों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि जून तक संघ के सभी बड़े कार्यक्रम रद हैं, इसलिए घरों में ही परिवार शाखाएं लगाई जा रही हैं।

एक सवाल पर उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोग भारतीय योग–आयुर्वेद की ओर उन्मुख हुए हैं। हाथ जोड़कर नमस्कार करना भारतीय परंपरा है। प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के मद्देनजर चाय की जगह काढ़ा पिया जाने लगा है।

### भाजपा पर ग्रामीणों की थर्मल स्क्रीनिंग में रोड़ा अटकाने का आरोप

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं उत्तराखण्ड की दो सरकारों में कैबिनेट मंत्री रहे नवप्रभात ने बतौर चेयरपर्सन बंकिम फाउंडेशन विकासनगर ब्लॉक के गॉव–गॉव में अपनी स्वयंसेवियों की टीम के माध्यम से ग्रामीणों की थर्मल स्क्रीनिंग का अभियान अभी तीन दिन पहले शुरू किया था, जो बदस्तूर जारी है। यहां पर आने वाले प्रवासियों की लगातार जांच की जा रही है लेकिन भाजपाई इसका पुरजोर तरीके से विरोध कर रहे हैं जो पूर्ण रूप से गलत है।

भास्कर चुग ने बताया कि दुर्भाग्य से क्षेत्र में कुछ तथाकथित नेता और उनके आका ऐसे हैं जिनका काम ही हर व्यापक जनहित के काम में अड़ंगा लगाना है इन्हीं के द्वारा पहले भी प्रवासी उत्तराखंडियों की वापसी में नवप्रभात के प्रयासों को पलीता लगाने का प्रयास किया गया था और अब अकारण ही थर्मल स्क्रीनिंग के काम का विरोध किया जा रहा है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।